विशेष रिपोर्ट

बेस मेटल

अक्टूबर 2020

smc

Moneywise. Be wise.

तांबा • निकल • लेड • जिंक • एल्युमीनियम

बेस मेटल..... राजनीतिक और आर्थिक उथलपुथल का असर

पिछले महीने में हमने देखा कि डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी के बीच कुछ सुस्त आर्थिक गतिविधियों की वजह से बिकवाली को बढ़ावा मिलने से बेस मेटल की कीमतों गिरावट हुई। बाजार ने कई देशों में लॉकडाउन फिर से लागू किए जाने के साथ ही अमेरिकी चुनाव, डॉलर इंडेक्स में वृद्धि, आर्थिक आंकड़ों के कुछ कमजोर होने, अमेरिका द्वारा फिर से स्टीमुलस पर संदेह और कई अन्य खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की।

बेस मेटल का प्रदर्शन (सितम्बर 2020) (%)

बेस मेटल का प्रदर्शन (जनवरी से सितम्बर 2020) (%)





तांबा

बेस मेटल काउंटर की सबसे स्थिर धातु ने पिछली बढ़त को गवां दिया और महीने के दूसरे हिस्से में तेज गिरावट देखी गई। एमसीएक्स में तांबें की कीमतें एक दायरे में रही। कोविड -19 के कारण मार्च के मध्य में भारी बिकवाली के बाद तांबें की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट हुई थी जिसके कारण बक-ऑफ की ऊंचाई पर यह मार्च के मध्य के बाद की सबसे बड़ी गिरावट थी, जिसने तांबे की कीमतें 2.00 डॉलर प्रति पाउंड से भी कम हो गई जो 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद पहली बार हुई है। एस एंड पी ग्लोबल के अनुसार लंदन मेटल एक्सचेंज की निगरानी वाले गोदामों में भंडार में तेजी से बढ़ोतरी, जो केवल तीन दिनों में लगभग 92,000 टन बढ़ गई थी, के कारण कीमतों पर दबाव पड़ा। एलएमई के पंजीकृत गोदामों में 1 अक्टूबर तक कुल स्टॉक 165,600 मिलियन टन पर पहुंच गया। 2020 के प्रारंभ में 144,675 मिलियन टन स्टॉक था, जो मई में 282,75 मिलियन टन के शिखर पर पहुंच गया था। तांबे का बाजार घाटे में है। मेटलबुलेटिन के अनुसार, इस वर्ष महामारी के कारण लगभग 1.15 मिलियन टन उत्पादन कम हो गया, और अन्य व्यवधानों के कारण 672,000 टन कम हो गया । सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि चीन, जापान, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड तांबे के प्रमुख निर्यातकों में शामिल हैं जो 2019/20 में तांबे के आयात में भारत के 5 बिलियन डॉलर का 45% हिस्सा है।



स्रोत: किटको मेटल

एमसीएक्स में तांबें का साप्ताहिक चार्ट

एमसीएक्स में तांबें की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 490-550 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है।

Source: SMC Research & Reuters

निकल

सभी बेस मेटल में सबसे अधिक प्रतिक्रिया निकल में देखी गई और सभी तीन प्रमुख एक्सचेंजों में, एलएमई, एसएचएफई, और एमसीएक्स में 6% से अधिक की गिरावट देखी गई। विश्व स्तर पर मांग में गिरावट निकल की कीमतों में मंदी का मुख्य कारण रहा है। सप्लाई कारण नहीं है। निकल अयस्क का दो-तिहाई से अधिक स्टेनलेस स्टील के उत्पादन में चला जाता है, जिसकी मांग में इस साल एक बड़ी गिरावट देखी गई है। स्टेनलेस स्टील की मांग क्यों कम हो रही है? मुख्य रूप से चीनी रियल इस्टेट और निर्माण उद्योग-तेल और नेचुरल गैस उद्योग से कम होती मांग के साथ-के खराब प्रदर्शन के कारण स्टेनलेस स्टील की मांग कम हो रही है। इससे भी बुरी खबर यह है कि इन मांग क्षेत्रों में माहामारी के बाद भी मंदी से उबरने की संभावना नहीं है।



स्रोत: किटको मेटल

एमसीएक्स में निकल का साप्ताहिक चार्ट

एमसीएक्स में निकल की कीमतें तेजी के रूझान और 1070 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 1160 रू के स्तर पर पहुंच सकती है।

Source: SMC Research & Reuters

जिंक

जिंक की कीमतों में पिछले महीने दो प्रमुख एक्सचेंजों एसएचएफई और एलएमई में क्रमश: 3% और 4.5% के आसपास गिरावट हुई जबकि एमसीएक्स में ने 0.15% की मामूली बढ़ोतरी हुई। मैनुफैक्चरिंग गतिविधियों में सुधार की कुछ उम्मीद के कारण जिंक की कीमतों को मदद मिलती रह सकती हैं। सरकारी निर्माण और बुनियादी ढांचे के खर्च में वृद्धि ने स्टील के साथ-साथ जिंक (गैल्वनाइजिंग स्टील में प्रयुक्त) की मांग को बढ़ावा मिला। हाल ही में चौथी तिमाही में अयस्क की आपूर्ति को लेकर कुछ स्मेल्टर चिंतित हैं। अनुमान से कम लाभ और जिंक कंसेंट्रेट की कम आपूर्ति के कारण जिंक स्मेल्टर जिंक का उत्पादन नही बढ़ा रहे है जिससे कीमतों को मदद मिल रही है। घरेलू जिंक कंसेन्ट्रेट का ट्रीटमेंट शुल्क 18 सितंबर तक 5,300 युआन/मी.टन तक पहुंच गए, जो 11 सितंबर की तुलना में 200 युआन / मी.टन कम है। अगस्त से आयातित अयस्क के ट्रीटमेंट शुल्क में गिरावट आई है, यह दर्शाता है कि विदेशों में जिंक अयस्क की आपूर्ति भी कम है, और यह उम्मीद है कि इससे कीमतों को मदद मिलेगी ।



स्रोत: किटको मेटल

एमसीएक्स में जिंक का साप्ताहिक चार्ट

Source: SMC Research & Reuters

जिंक की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 210 के स्तर पर पहुंच सकती है। कीमतों को 190 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है।

लेड

पिछले महीने एलएमई में लेड की कीमतों में 8% से अधिक की गिरावट देखी गई जबकि एसएचएफई में केवल 4% की गिरावट देखी गई। इसने दोनों के बीच आर्बिट्रॉज के कुछ अवसर प्रदान किया। एमसीएक्स में लेड की कीमतों में 6% से अधिक की गिरावट देखी गई। इंटरनेशनल लेड एंड जिंक स्टडी ग्रुप के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-जुलाई 2020 के दौरान लेड उत्पादन वर्ष-दर-वर्ष 3.1% कम होकर 6.5 मिलियन टन रह गया जबकि खपत वर्ष-दर-वर्ष 5.4% कम होकर 6.4 मिलियन टन रह गई। 2020 के पहले सात महीनों में लेड बाजार में पिछले वर्ष की समान अवधि के 31 हजार टन की तुलना में 128 हजार टन का सरप्लस रहा । आने वाले महीने में, हम उम्मीद करते हैं कि यूएस और यूरोपीय संघ में कमजोर आर्थिक आंकड़ों और मजबूत डॉलर इंडेक्स के कारण लेड वायदा में नरमी का रूझान रहने की संभावना है। चीन और अन्य एशियाई देशों में उपयोग, जो पिछले महीनों में पिछड़ गए था, आने वाले महीनों में भी कम रहने का अनुमान है।



स्रोत: किटको मेटल

एमसीएक्स में लेड का साप्ताहिक चार्ट

लेड की कीमतों के140-160 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

Source: SMC Research & Reuters

एल्युमीनियम

सितंबर महीने में एल्युमीनियम की कीमतों में गिरावट 1.5% से लगभग 2% के बीच सीमित रही। एल्युमीनियम का व्यापार हाल ही में अधिक राजनीतिक हो गया और व्यापार नीतियों ने इसे मुश्किल बना दिया है। अमेरिका ने इस साल के आखिरी चार महीनों में धातु का आवाजाही की सीमा तय करके अपना शांति संकेत दिया है। अमेरिका-कनाडा सीमा एल्युमीनियम बाजार के लिए राजनीति का एक बड़ा क्षेत्र बनी हुई है, जो फिजिकल आपूर्ति और क्षेत्रीय प्रीमियमों की मांग की तुलना में कीमतों का सबसे बड़ा निर्धारक है। एंटी-डंपिंग उपाय पहले ही लागू किए जा चुके हैं या संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और भारत में विचाराधीन हैं। चीन भारत के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है और दोनों देशों के बीच व्यापक, राजनीतिक और व्यापार विवादों के लपेटे में एल्युमीनियम भी आ सकता है। चीन के बाहर, निर्माण परियोजनाएं फिर से शुरू हो रही हैं और जो उपभोक्ता स्टॉक जमा नही कर रहे हैं उन्हें एल्युमीनियम खरीदना होगा। औद्योगिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल के बाद से, भारत के एल्युमीनियम की मांग का लगभग 58% स्क्रैप आयात द्वारा पूरा किया गया है, जो कीमतों में घरेलू प्राथमिक एल्युमीनियम की तुलना में 22% सस्ता है। कच्चे तेल में गिरावट और मैनुफैक्चरिंग गतिविधियों में सुस्ती ने कीमतों पर कुछ दबाव डाला। अगस्त 2019 की तुलना में चीन का निर्यात 11% कम हुआ है। लेकिन निर्यात चार महीने के उच्च स्तर 395,424 टन पर पहुंच गया। ज्यादातर विदेशों में कमजोर मांग के कारण नरमी का रूझान है, क्योंकि अधिकांश देश अभी भी कोरोनोवायरस महामारी के शुरुआती रिकवरी के चरणों में हैं, जबकि चीन रिकवरी में थोड़ा आगे है। चीन सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक और उपभोक्ता बना हुआ है। इसलिए इसका नया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोत्साहन पैकेज-जिसमें रेलवे सिस्टम, अल्ट्रा-हाई वोल्टेज बिजली लाइनें और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट शामिल हैं- से मध्यम से लंबी अवधि में एल्युमीनियम की मांग को मदद मिलते रहना चाहिए।



स्रोत: किटको मेटल

एमसीएक्स में एल्युमीनियम का साप्ताहिक चार्ट

Source: SMC Research & Reuters

एमसीएक्स में एल्युमीनियम की कीमतें 140-160 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। कीमतों में किसी भी गिरावट पर खरीददारी की जा सकती है।

आउटलुक: हम देख सकते हैं कि खरीद के अवसर निचले स्तर से 2020 की चौथी तिमाही में उभर सकते हैं। चीन के सितंबर महीने के पीएमआई रीडिंग आंकड़ों से पता चलता है कि "अर्थव्यवस्था अब विकास के रूझान से ऊपर की अवधि में प्रवेश कर रही है, जो निर्विवाद रूप से कमोडिटीज, विशेष रूप से औद्योगिक धातुओं की कीमतों के लिए अच्छी खबर है। चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार अगस्त में चीन में घरेलू वाहनों की बिक्री 11.6% की वृद्धि के साथ 2.19 मिलियन यूनिट हुई है। यह सितंबर और अक्टूबर के दौरान बढ़ने की उम्मीद है, जो बिक्री के लिए पारंपरिक रूप से व्यस्ततम सीजन है। सरकारी स्टीमुलस नीतियों के अलावा, नए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट के विस्तार से खरीददारी के रूझान में वृद्धि हो सकती है। महामारी से प्रभावित सबसे बड़ी धातु उपभोक्ता, चीन की रिकवरी को मुख्य रूप से भारी स्टीमुलस से होने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर विकास से मदद मिल सकती है। अगस्त, 20 में, चीन के औद्योगिक उत्पादन, खुदरा बिक्री और निर्यात में भी तेजी आई है। चीन के अलावा, अमेरिकी चुनाव प्रगति पर है जो बेस मेटल की कीमतों को प्रभावित करने वाला है। ट्रम्प के कोविड से संक्रमित होने की खबरें पहले से ही बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा हैं, और कमोडिटीज की कीमतों में गिरावट देखी गई, यहां तक कि इक्विटी बाजार ने भी नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह ट्रम्प के फिर से चुने जाने की संभावना को थोड़ा भ्रमित या कमजोर कर सकता है। बिडेन के चुनाव जीतने का अर्थ है कि कुछ प्रमुख नीतियोँ में परिवर्तन जो कुछ महीनों के लिए इस काउंटर को एक दायरे में जारी रख सकती हैं। तीसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़ों के सकारात्मक होने की उम्मीद है। अक्टूबर आम तौर पर सामान्य रूप से एक मजबूत महीना होता है और निचले स्तरों से खरीदारी हो सकती है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वित्तीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।